# डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | फाल्गुण शुक्ल पक्ष 05- 2082 | भोपाल, दिन रविवार, दिनांक 22 फरवरी 2026


## न्यूज गैलरी

### एम्स के कार्यकारी निदेशक का अतिरिक्त प्रभार 6 महीने बढ़ाया

**भोपाल।** इंस्टिट्यूट की नियुक्ति समिति ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए डॉ. मकरन्द रमाकर को एम्स भोपाल के कार्यकारी निदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार अगले छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। डॉ. रमाकर वर्तमान में एम्स ऋषिकेश के कार्यकारी निदेशक हैं। उन्हें 5 फरवरी 2026 से 4 अगस्त 2026 तक या नियमित नियुक्ति होने तक, जबकि अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवधि में उन्हें कोई अतिरिक्त पारिश्रमिक नहीं मिलेगा।

### सात बकायादारों की संपत्तियां की कुर्क

**भोपाल।** नगर निगम ने संपत्ति कर और जल कर का भुगतान न करने वाले बकायादारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। निगम अधिकारियों ने हाल ही में 7 बकायादारों की संपत्तियां कुर्क की और 5 बकायादारों के नल कनेक्शन डिस्कनेक्ट कर दिए। यह कार्रवाई निगम आयुक्त के निर्देश पर की गई। विशेष रूप से जोन क्रमांक 04 में सर्वाधिक बकायादारों की संपत्तियां कुर्क की गईं। अधिकारियों के अनुसार नियमों के तहत यह कार्रवाई कर भुगतान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। इसके अन्य बकायादारों पर भी दबाव बनेगा और कर भुगतान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। नगर निगम की कार्रवाई पर आमजन की प्रतिक्रिया मिश्रित रही।

### खता पड़ा था तार, पेशाब करने गए माली की करंट से मौत

**भोपाल।** राजी नगर थाना क्षेत्र स्थित आईटी पार्क में शनिवार सुबह करंट लगने से माली गजेन्द्र सिंह (50) की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना बाथरूम में हुई, जहां टॉयलेट के पास खुला विद्युत तार पड़ा था। यूनीक कंस्ट्रो कन्स्ट्रक्शन शहर में प्रवासित हो गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गजेन्द्र सिंह हाउ नगर, होली फैमिली स्कूल के पीछे रहते थे और आईटी पार्क में माली का काम करते थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है तथा लापरवाही के पहलुओं की पड़ताल हो रही है।

### खुदकुशी के लिए उकसाने का केस दर्ज

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना पुलिस ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक के मामले में लापरवाही की रकम दर्ज लेकर प्रताड़ित करने के आरोप में सुदीप के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। महाजन सिटी, कोकता निवासी 26 वर्षीय ड्राइवर राजेश त्रिपाठी ने 1 जनवरी 2026 की रात घर में फांसी लगा ली थी।

## भाजयुमो ने शनिवार को पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यालयों पर प्रदर्शन किया

# भाजयुमो ने पीसीसी घेरा, दोनों ओर से चले डंडे-पत्थर, 18 घायल

**डीआर संवाददाता»» भोपाल**

भाजयुमो ने शनिवार को पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यालयों पर प्रदर्शन किया। वह दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अनियंत्रित प्रदर्शन के खिलाफ था। भोपाल में भाजयुमो पुलिस की बार स्तर की बैरिकेडिंग तोड़कर पीसीसी गेट तक जा पहुंचे। वहां दोनों पक्षों के बीच लाठियां डंडे और पत्थर चले। कांग्रेस के 12 और भाजयुमो के 6 कार्यकर्ता घायल हुए। एक भाजयुमो कार्यकर्ता आईसीयू में है। कमला नगर थाने में दोनों पक्षों ने एफआईआर दर्ज कराई।

इससे पहले पीसीसी में घुसने से रोकने के लिए पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे समेत अन्य नेता डंडे लेकर डटे थे। पुलिस ने कार्यालय के गेट बंद कर दिए। इसके बावजूद दोनों ओर से पथराव हुआ। इंदौर, ग्वालियर, मुरैना, सागर, पन्ना, छतरपुर, छतरपुर, नरसिंहपुर, पैना, शहडोल, जबलपुर और छिंदवाड़ा में भी प्रदर्शन हुए।



कांग्रेस का आरोप- यह पुलिस की मिलीभगत वाला प्रदर्शन

वहीं दूसरा मोर्चा के कार्यकर्ता राकेश परस्ते की शिकायत पर 60 कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज किया है।

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने इसे पुलिस की मिलीभगत वाला प्रदर्शन बताया। सामान्य महामंत्री राजेश जायसवाल ने कहा कि पांच लेयर बैरिकेडिंग के बाद हमारे कार्यालय तक कौन कार्यकर्ता आ गए। इधर, भाजयुमो अध्यक्ष वरुण टंडन ने कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली में अनियंत्रित प्रदर्शन कर देश की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है। 60 कार्यकर्ताओं पर केस करने की मांग... वह कांग्रेस अध्यक्ष के जायसवाल प्रदेश अधिकारी ने मोर्चा के 60 कार्यकर्ताओं पर केस करने समेत अन्य पदाधिकारी एफआईआर लगाई।

### पत्थर, बॉटल, टमाटर फेंके . . एसआई घायल

**इंदौर।** मंडी बाजार चौराहे पर भाजयुमो और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। भाजयुमो के बीच विवाद बढ़ा और दोनों ने पथराव शुरू हो गया। इस दौरान पानी की बोतलें, टमाटर, डंडे और अन्य वस्तुएं फेंकी गईं। हालात बेकाबू होने पर पुलिस ने बीटर कॉलम बनाकर भीड़ को तितर-बितर किया।

पथराव में भाजपा-कांग्रेस के कई कार्यकर्ता घायल हुए। पथराव के दौरान सूचना में तैनात एक इंस्पेक्टर जारएफ कांग्रेस के सीने पर एक बड़ा पत्थर लगा। अन्य पुलिसकर्मी उन्हें भीड़ से बचाते हुए एक और अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पंढरीनाथ थाने पहुंचे और शिकायत की।

पुलिस ने 20 भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज किया है।

## ग्रुप में मुनाफा दिखाया, फिर सेना के जवान से 14.85 लाख ठगे

### सहीएमसीएचडी एप पर खुलवाया फर्जी डीमैट अकाउंट वॉट्सएप

**डीआर संवाददाता»» छतरपुर**

राजधानी में सेना के जवान के साथ शेयर मार्केट ट्रेडिंग के नाम पर 14.85 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने पहले वॉट्सएप ग्रुप के जरिए भरोसा जीतकर मुनाफा दिखाया और बाद में फर्जी ट्रेडिंग एप डाउनलोड करवाकर बड़ी रकम निवेश करवा ली। जवान ने पैसा निकालने की कोशिश की तो पूरा पैसा केवल खाते में दिखता रहा, लेकिन निकासी संभव नहीं हो सकी। पैसाग्रह पुलिस तथा की तलाश कर रही है।

3 ईएमई सेंटर निवासी 41 वर्षीय अब्दुल अली सेना में पदस्थ हैं। उन्होंने पैसाग्रह पुलिस को बताया कि वे अलग-अलग एप्लीकेशन के माध्यम से शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करते हैं और लगभग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रहते हैं। इसी दौरान उन्हें एक ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप में मुनाफा दिखाया जा रहा था, जिससे उन्हें किसी तरह की शंका नहीं हुई।

जांच में 3 नवंबर 2025 से 22 दिसंबर 2026 के बीच स्वयं और अपनी पत्नी के खाते से अलग-अलग किश्तों में कुल 14.85 लाख रुपए निवेश कर दिए। एप्लीकेशन में पत्नी के खाते में भारी मुनाफा दर्शाया जा रहा था, जिससे उन्हें किसी तरह की शंका नहीं हुई।

## वैन-बस भिड़ंत में 5 लोगों की मौत, 5 सीटर वैन में भरी थीं 11 सवारियां

# ग्वालियर-भिंड हाईवे पर भीषण हादसा

**डीआर संवाददाता»» भिंड**

ग्वालियर भिंड नेशनल हाईवे-719 पर गोहद कोतवाली क्षेत्र में गिल ढाबा के सामने बस और ईको वैन की भिड़ंत में 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि 5 लोग घायल हैं। सभी ग्वालियर से भिंड जा रहे थे। हादसा शुक्रवार-शनिवार रात 2 बजे हुआ। ग्वालियर स्टेशन से सभी गोहद-भिंड जाने वैन में सवार हुए थे।

वहीं हाजार मारने जाली बस कार्यी पार्टी छोड़कर खाली लौट रही थी। हादसा इतना भीषण था कि बस से टकराकर वैन आगे से कुचल गई। वैन में बैठे लोग बाहर में दब गए। 4 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वैन में ड्राइवर समेत कुल 11 लोग थे, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। ड्राइवर समेत 5 सीटर ईको वैन में क्षमता से दोगुना सवारी थी। रात 10 बजे के बाद ग्वालियर से गोहद-भिंड जाने न कोई बस मिलती है न ट्रेन। यही इसलिए लोग वैन उसमें में बैठकर सफर करते हैं। डीआईजी ग्वालियर रेंज डॉ. अरविंद साजवान ने कहा- घटना स्थल का निरीक्षण किया। बस चालक फरार है। दोनों गाड़ियों की स्पीड अधिक रही होगी।

**चालक को नींद आ रही थी, तीन बार मुंह धोया**

मैं ग्वालियर से घर गोहद जाने वैन में बैठा था। मैं आगे की सीट पर बैठा था। लाल की स्पीड ठीक थी। ड्राइवर को नींद आ रही थी। उसने रास्ते में 3 जगह वैन रोककर मुंह धोया था। हादसे से पहले मेरी आंख लग गई। अचानक हुई और मैं अपनी सीट से बाहर आकर गिरा। चीख-पुकार मची हुई थी। राहगीरों ने मदद की।

## चौधरी बोले- अधिक अधिकार मांग रहे थे कटारे, जो संभव नहीं

**डीआर संवाददाता»» भोपाल**

भोपाल अटेर से कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने शुक्रवार को अपनेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे प्रदेश की राजनीति में हलचल मच गई है। कटारे ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्होंने पदवियां वो स्वयं देने के लिए पद छोड़ा है और उनकी ताकत किसी पद से नहीं, बल्कि जनता के विश्वास से आती है। वहीं, नए कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने इसे अधिकार का मामला बताया। उनका कहना है कि कटारे अपने पद से अधिक अधिकार चाहते थे, जो संभव नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतिम निर्णय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेंगे।

विवाद की वजह यह तो नहीं शुक्रवार को सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की अनुपस्थिति में स्पीकर ने सदनाम प्रस्ताव पर बोलने के लिए नाम मांगे तो उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने 16 विधायकों की सूची दे दी। कुछ देर बाद सिंघार लौटे और सूची बदल दी। इसे लेकर दोनों में चर्चा हुई। बताया जाता है कि इसी नाराज करने सदन से बाहर चले गए और पद से इस्तीफा दे दिया।

## 100 घंटे का दिव्यांग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**डीआर संवाददाता»» भोपाल**

भोपाल के नेहरू नगर स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड में रविवार सुबह 11:40 बजे से 100 घंटे का दिव्यांग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू होगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री करेंगे। यह अनूठा टूर्नामेंट लगातार 100 घंटे तक दिन-रात खेलेगा।

इसमें 8 राज्यों से आई 6 दिव्यांग टीमें हिस्सा लेंगी। पुरुष और महिला खिलाड़ी दोनों वर्गों में मुकाबले होंगे।

एक तरफ 100 घंटे तक लगातार चलने वाला दिव्यांग क्रिकेट का आयोजन विश्व स्तर पर पहली बार किया जा रहा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन लिया गया है। टूर्नामेंट का आयोजन टास्क इंटरनेशनल एवं कुशाभाऊ ठाकरे न्यास द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। प्रतियोगिता का समापन 28 फरवरी को शाम 4 बजे होगा। आयोजकों का कहना है कि इस आयोजन का उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों की क्षमता को राष्ट्रीय मंच देना और समाज में सकारात्मक संदेश देना है।

## कोलार में ढाई एकड़ में बनी बांके बिहारी कॉलोनी में चला बुलडोजर

**डीआर संवाददाता»» भोपाल**

भोपाल के कोलार के विकसित बेलखेड़ी में अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की गई है। इस पर डेवलपर बांके बिहारी डेवलपर्स के नाम से ढाई एकड़ में अवैध कॉलोनी काटकर प्लॉट बेच रहा था। सुबहाई के बाद डेवलपर्स कॉलोनी के पास रास्ताबंद पोल नहीं हटाए, जिसके आधार पर शनिवार को तहसीलदार उपमन्यु सिंह की टीम ने सख्त कार्रवाई की और पोल हटवाए। तहसीलदार ने बताया कि भोपाल में 113 अवैध कॉलोनियों पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिए थे।

नोट पर बुलडोजर चलवा दिया। कोलार एसडीएम पीके पांडे ने बताया कि तहसीलदार की टीम ने शनिवार को शिवलिंग बेलखेड़ी स्थित बांके बिहारी डेवलपर्स की कॉलोनी में कार्रवाई की गई है। बिल्कुल ने पता ढाई लोगों को प्लॉट बेचकर जिन्दगी भी बना दी थी। लोगों ने अफसरों ने बताया कि भोपाल में 113 अवैध कॉलोनियों पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिए थे।

## 2022 में वीसा एक्सपायर हुआ तो इम्स सप्लाई करने लगी थी युगांडा की महिला

**डीआर संवाददाता»» भोपाल**

राजस्व सूचिका निदेशालय (डीआरआई) ने भोपाल रेलवे स्टेशन पर ड्रग के साथ घानी नई दुगांडा की महिला के खिलाफ भोपाल कोर्ट में शपथ पेश कर दिया है। मामले में 11 मार्च को अदालत तय किए जाएंगे।

कोर्ट ने अभियोजी की ओर से डिप्टी लीगल एड डिफेंस विजय हसन को नियुक्त किया है। डीआरआई ने 28 अगस्त 2025 को कार्रवाई की थी। आरोपी की ओर से दावा किया गया कि वह 2022 में वीसा एक्सपायर होने के बाद भी भारत में रह रही थी। वह कथित रूप से ड्रग्स सप्लाई करने लगी थी।

कहते हुए नाइजीरियाई जोन नामक महिला को गिरफ्तार किया था। उसके 360.90 ग्राम मेफाम्फेटामाइन और 147.40 ग्राम कोकीन बरामद हुई थी। उसके मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2.20 करोड़ रुपए आंकी गई है।

## बदलाव की तैयारी | मप्र में 27 अक्टूबर से शुरू हुई एसआईआर में सर्जरी, 117 दिन बाद रिजल्ट

# एसआईआर में बड़ी छंटनी 42,74,160 नाम काटे गए, मृत, डुप्लीकेट, अनुपस्थित

**डीआर संवाददाता»» भोपाल**

मध्य प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शनिवार को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई। अब मध्यप्रदेश में कुल 5 करोड़ 39 लाख 81 हजार 65 मतदाता दर्ज हैं।

प्रदेश में 27 अक्टूबर से शुरू हुई यह प्रक्रिया लगभग चार महीने चली। 23 दिसंबर को जारी ड्राफ्ट सूची में 5 करोड़ 31 लाख 31 हजार 983 मतदाता थे। ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद कुल 10 लाख 85 हजार दावे-आपत्तियां प्राप्त हुईं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव श्री ने बताया कि

जिला भोपाल इंदौर जबलपुर ग्वालियर

| एसआईआर से पहले | पहला ड्राफ्ट | अब जुड़े | कुल वोटर में कमी |
|---|---|---|---|
| 21,18,364 | 16,87,033 | 58,420 | −3,72,911 |
| 28,67,294 | 24,20,171 | 70,000 | −3,80,298 |
| 19,10,507 | 16,76,909 | 49,710 | −1,83,888 |
| 16,49,943 | 13,97,360 | 31,841 | −2,20,642 |

सुनवाई के बाद 2 लाख 36 हजार 331 नाम हटाए गए, जबकि 8 लाख 49 हजार 82 नए मतदाता जोड़े गए। कुल, दो लाख पंजीकृत और स्थायी रूप से अनुपस्थित मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। यानी 34 लाख 25 हजार 78 नाम बाहर हो गए।

अंतिम सूची के अनुसार, अब प्रदेश में 2 करोड़ 79 लाख से अधिक पुरुष और 2 करोड़ 60 लाख 75 हजार 186 महिला मतदाता हैं। राजनीतिक दलों को अंतिम सूची उपलब्ध करा दी गई है। कुछ क्षेत्रों में नाम हटाए जाने को लेकर आपत्तियां दर्ज की गई हैं, जिन पर निर्वाचन कार्यालय विचार करेगा।

**यदि आपका नाम अंतिम मतदाता सूची में नहीं है, तो फॉर्म 6 भरकर आवश्यक घोषणा और दस्तावेजों** सहित ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कर सकेंगे। यदि अंतिम मतदाता सूची में दर्ज विवरण में कोई त्रुटि हो, तो फॉर्म 8 भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित ऑनलाइन ऑफलाइन आवेदन कर सकेंगे। किसी भी प्रकार की आपत्ति दर्ज कराने हेतु अपना संख्या 7 पेश कर सकते हैं।

**भोपाल में** एसआईआर के बाद 16,87,033 मतदाता थे, जो अंतिम सूची में 17,45,453 मतदाता हो गए। यानी कुल 58,420 वोटर्स बढ़े।

हालांकि, एसआईआर से पहले की तुलना करें तो यहां कुल 3,72,911 मतदाताओं की कमी दर्ज हुई। इंदौर जिले में अंतिम ड्राफ्ट में सबसे अधिक 70 हजार वोटर्स बढ़े, पर एसआईआर से पहले की तुलना करें तो कुल 3,80,298 वोटर कम हुए।

## मौसम का यू टर्न... दिन के तापमान में 7.6 30, के पास पहुंचा पारा डिग्री का इजाफा,

**डीआर संवाददाता»» भोपाल**

शुक्रवार रात 1.9 मिमी बारिश और तीन दिन के नायडे के बीच तापमान में गिरावट हुई। लेकिन, चौबीस घंटे बाद ही मौसम ने फिर यू टर्न ले लिया। शनिवार को दिन के तापमान में 7.6 डिग्री का इजाफा हुआ। पारा अब ऊपर चढ़कर 28.8 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला ने बताया कि इससे पहले 2021 में भी फरवरी में लगातार तीन दिन बारिश हुई थी। वहां शनिवार सुबह 9 बजे के बाद से ही अच्छी धूप निकल गई थी। दोपहर होने तक धूप और तीखी हो गई थी। इस दौरान



पारा भी तेजी से ऊपर चढ़ा। रात का तापमान 14.6 डिग्री दर्ज किया गया। इसमें एक डिग्री की गिरावट हुई। पीछे 24 घंटे में भोपाल संभाग और मालवा निमाड़ के इलाकों में ही बारिश हुई। प्रदेश के बाकी इलाकों के इक्का दुक्का शहर या कस्बे में ही मावठे की बूंदे पड़ी।

कल एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय... मौसम वैज्ञानिक वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि उत्तर भारत में सोमवार को एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पहुंच रहा है। अनुमान है कि यह ज्यादा स्ट्रांग नहीं होगा। इस कारण मध्य प्रदेश में इसका ज्यादा कोई असर नहीं होगा। आगे क्या: दिन के तापमान में बढ़ोतरी के आसार मौसम वैज्ञानिकों को मुताबिक अब दिन के तापमान में दो या तीन डिग्री की और बढ़ोतरी हो सकती है।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | फाल्गुण शुक्ल पक्ष 07 – 2082 | सीहोर, दिन रविवार, दिनांक 22 फरवरी 2026


## राजस्व मंत्री श्री वर्मा का दौरा कार्यक्रम

**सीहोर।** राजस्व मंत्री श्री करणसिंह वर्मा 22 फरवरी को प्रातः 11 बजे ग्राम पचामा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 12:30 बजे सीहोर पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 02 बजे ग्राम जमोनिया हटेसिंह पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे शाम 07:30 बजे सीहोर के किसेट चौराहा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे शाम 07:30 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## पोर्टल पर मसूर, चना का पंजीयन शुरू

**सीहोर।** ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 फरवरी से चना एवं मसूर का पंजीयन शुरू हो गया है, जो 16 मार्च तक चलेगा। चना एवं मसूर का पंजीयन गेहूं पंजीयन की तरह ही किया जा रहा है। जिन किसानों ने चना एवं मसूर की बोवनी की है वे शासकीय समर्थन मूल्य को छोड़कर पंजीयन करा सकते हैं।

## ज्वाइनिंग में कठिनाई के समाधान की पहल

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा 2024 में चयनित अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग प्रक्रिया में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों के समाधान के लिए राज्य शासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। अंतिम रिक्ति पदांकन एवं समान्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में व्यावहारिक लचीलापन देने के संबंध में निर्देश दिए हैं।

## नीलकंठ में क्लस्टर स्तरीय शिविर लगा

**सीहोर।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत भैरूंदा जनपद की नीलकंठ ग्राम पंचायत में क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में संचालित किया जा रहा है।

**एसआईआर** | जिला निर्वाचन कार्यालय में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, 1297 से बढ़कर 1367 हुई मतदान केंद्रों की संख्या

# जिले में 9.97 लाख मतदाता, आष्टा में सबसे ज्यादा, मतदान केंद्रों में बुधनी प्रथम

मतदान के दिन अब लंबी कतारों और भीड़भाड़ से राहत मिलेगी। जिले में पहले मूल 1297 मतदान केंद्र थे। 110 नए केंद्र जोड़ते हुए इनकी कुल संख्या 1367 कर दी है।

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिला निर्वाचन कार्यालय ने बुधवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महागुरू के. के. मार्गदर्शन में चली हुई इस नई सूची में कई चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। इस बार के ड्राफ्ट वोटर्स ने बता दिया है कि जिले में लिंगानुपात सुधरा है। जिन किसानों ने चना एवं मसूर की बोवनी की है वे शासकीय समर्थन मूल्य को छोड़कर पंजीयन करा सकते हैं।

**कुल मिले मतदाता**

आष्टा 282,058 मतदाता बुधनी 274, 509 मतदाता इछावर 227,840 मतदाता सीहोर 2, 33, 639 मतदाता

**कार्ड जेंडर कुल 22 मतदाता**

दिलचस्प बात यह है कि जहां सबसे ज्यादा वोटर आष्टा में हैं, वहीं मतदान केंद्रों के मामले में बुधनी विधानसभा सबसे आगे निकल गई है। मतदाताओं की सुगमता के लिए प्रशासन ने बुधनी में सबसे अधिक 390 मतदान केंद्र बनाए हैं।

### 110 नए केंद्र बनाए

मतदान के दिन अब लंबी कतारों और भीड़भाड़ से राहत मिलेगी। जिले में पहले मूल 1297 मतदान केंद्र थे। प्रशासन ने इस बार 110 नए केंद्र जोड़ते हुए इनकी कुल संख्या 1367 कर दी है। विधानसभावार देखें तो आष्टा में 275, इछावर में 305 और सीहोर में 296 केंद्र निर्धारित किए गए, जबकि सबसे ज्यादा बुधनी में 390 मतदान केंद्र बनाए हैं।

### स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में प्रकाशन

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की अध्यक्ष पर कलेक्टर इलाकाध में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर प्रधान सिंह ने सभी राजनीतिक दलों को इस महा पुनरीक्षण की जानकारी समझाई। बैठक में भाजपा से आशीष पांडेय, कांग्रेस से मनमोहन यादव व विपिन राठौर, बसपा से एडवोकेट समर और आम आदमी पार्टी से चेतन खुमान उपस्थित रहे।

### सूची पूरी तरह शुद्ध

अधिकारियों ने दावा किया है कि इस बार सूची को पूरी तरह शुद्ध किया गया है। पहले जिले के मतदान में फर्जी नामों को हटाया गया और अवैध वोटों को अब उस सूची में नहीं रखा गया। साथ ही उन युवाओं और नए मतदाताओं को जोड़ा गया है जो पहली बार अपने वोट की ताकत का इस्तेमाल करेंगे।

### आधी आबादी अभी भी पीछे

आकड़ों के अनुसार जिले की कुल 10 लाख 97 हजार 646 मतदाताओं में महिला मतदाताओं की संख्या 5 लाख 17 हजार 850 है, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 4 लाख 79 हजार 874 पर सिमट गई है। यानी 1000 पुरुषों के मुकाबले जिले में केवल 927 महिला मतदाता ही दर्ज हैं। हालांकि सीहोर विधानसभा इस मामले में बेहतर है, जहां जेंडर रेशियो 940 है।

## नाबालिग की हत्या करने वाली मां और उसका प्रेमी गिरफ्तार, गला घोंटकर कर दी थी हत्या

डीआर संवाददाता>>रेहटी

रेहटी थाना क्षेत्र के ग्राम बावरी में 9 वर्षीय बालिका राधिका की गला घोंटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने तलाशी मां और मां के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने अपने प्रेम प्रसंग में बाधा बनने के कारण 17 फरवरी को साजिश रचकर इस वारदात को अंजाम दिया था। सनसनी में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम बावरी निवासी सुषमा यदुवंशी ने रेहटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने अपनी शिकायत में बताया था कि उसकी 9 वर्षीय बेटी राधिका की किसी अज्ञात व्यक्ति ने गला घोंटकर हत्या कर दी है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं और उनकी हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

पुलिस की पूछताछ में प्रेमी ने बताया जुर्म सीहोर के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेंद्र कहार के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की गई। जांच के दौरान उपनिरीक्षक नरेन्द्र अहिरवार और उनकी टीम ने ग्राम राहुल गडुवंशी (26) से पूछताछ की। पूछताछ में राहुल ने बताया कि

उसका मृतका की मां सुषमा यदुवंशी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और राधिका उनके मिलने में बाधा बनती थी।

**मां काम पर, प्रेमी ने घर में पुत्कार घोंटा गला**

आरोपी राहुल के अनुसार, उसने और सुषमा ने मिलकर राधिका की हत्या की साजिश रची थी। योजना के तहत सुषमा ने राहुल से कहा था कि वह 17 फरवरी को सुबह 9 बजे मजदूरी करने के लिए ढाबे पर चली जाएगी, तब राधिका घर पर अकेली होगी। इसी दिन योजना के अनुसार, शुक्रवार 17 फरवरी को दिन में 11:30 बजे सुषमा के घर में घुसा और वहां अकेली राधिका की रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

## हवा-बारिश से गेहूं की फसल आड़ी, दाना पतला, दाम घटेंगे

डीआर संवाददाता>>श्यामपुर

सीहोर जिले में हाल ही में हुई हवा और बारिश ने गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया है। शनिवार को मौसम साफ रहने और तेज धूप निकलने के बावजूद तेज हवाओं के कारण कई खेतों में पकी गेहूं की फसल आड़ी हो गई। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इससे गेहूं के दाने पतले रहेंगे और उत्पादन में करीब 10 प्रतिशत तक गिरावट आ सकती है। जो फसल पककर तैयार थी, उसकी गुणवत्ता भी प्रभावित होने की आशंका है, जिससे बाजार में गेहूं के दाम प्रति क्विंटल 200 से 300 रुपए तक कम हो सकते हैं।

कई किसानों ने पहले ही फसल काट ली थी, लेकिन बारिश के कारण खेतों में पड़ी फसल भीग गई। यदि कटाई के लिए तैयार फसल की कटाई अब 5 से 10 दिन तक लेट होने की संभावना है। पिछले दो दिनों से रात में हल्की बारिश और कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि भी दर्ज की गई, जिससे नुकसान और बढ़ गया। तेज हवा के कारण गिरी फसल के दोबारा खड़े होने की संभावना कम बताई जा रही है।

मौसम विभाग के अनुसार जावद, आष्टा और श्यामपुर क्षेत्र में हल्की बारिश दर्ज की गई है और अगले दो दिन तक धुंधलापन की संभावना बनी हुई है। वहीं सीहोर के किसान शिवसरण पटवार ने फसल खराब होने से 35 प्रतिशत तक नुकसान की आशंका जताई है।

## सात दिवसीय भागवत कथा के समापन सैकड़ों श्रद्धालुओ को प्रसादी का वितरण

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर। ग्राम लसुड़िया खास में लगी सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का समापन के अवसर पर भव्य रूप से भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। पंडितजी गोस्वामी परिवार और समस्त ग्रामवासी लसुड़ियाखास के संचालक पंडित श्री गिरी महाराज आदि शामिल थे। सात दिवसीय कथा के दौरान सैकड़ों लोग कथा का श्रवण किया। इस अवसर में मोहन गोस्वामी ने बताया कि यहां पर भगवान शिव का मंदिर का निर्माण किया गया है। कथा के अंतिम दिवस भगवान श्री कृष्ण और माता सुदामा की मित्रता का भावपूर्ण विस्तार से वर्णन किया गया।

कथा के अंतिम दिन पंडित संजय गोस्वामी ने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म, कपिल संवाद का प्रसंग सुनाया। शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वनों में काफी दूर चले गए। उनको प्यास लगी, प्यास में समीक ऋषि के आश्रम में पहुंचे और बोले ऋषिवर मुझे पानी पिला दो मुझे प्यास लगी है, लेकिन समीक ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि इसने मेरा अपमान किया है मुझे भी इसका अपमान करना चाहिए। उसने पास में ही एक मरा हुआ सर्प उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने नदी का जल हाथ में लेकर शाप दे डाला जिसने मेरे पिता का अपमान किया है आज से सातवें दिन तक्षक नागक सर्प पक्षी आएगा और उसे जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | फाल्गुण शुक्ल पक्ष 05– 2082 | सीहोर, दिन रविवार, दिनांक 22 फरवरी 2026


**न्यूज गैलरी**

### लियाखेड़ी में गूंज रही नर्मदा महिमा, सात दिवसीय कथा में उमड़ रही आस्था

**शैरूंदा।** ग्राम लियाखेड़ी में 18 से 24 फरवरी तक कन्हैयालाल पंवार कलोता के निवास पर श्री नर्मदा पुराण कथा का सात दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत 18 फरवरी को कलश यात्रा से हुई, जिसके बाद हर दिन दोपहर 12 से 4 बजे तक कथा का वाचन हो रहा है। कथा व्यास द्वारा मां नर्मदा की महिमा, पुराण प्रसंग एवं धर्म-संस्कृति पर आधारित प्रेरक प्रवचन दिए जा रहे हैं, जिन्हें सुनने के लिए श्रोतागण से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आयोजन का समापन 24 फरवरी को पूर्णाहुति व महाप्रसादी के साथ होगा। ग्रामीणों के अनुसार ऐसे धार्मिक आयोजनों से गांव में आध्यात्मिक वातावरण के साथ सामाजिक एकता भी मजबूत होती है। आयोजक परिवार ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### महेंद्र कुमार जैन के निधन पर नेताओं और समाजजनों ने जताया शोक

**आष्टा।** पिछले दिनों जैन समाज के प्रमुख दानवीर समाज सेवी महेंद्र कुमार जैन श्री मोठ का निधन हो गया था। सा. जैन दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र जैन भूरू, भाई राजेंद्र जैन ने पिता थे। जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के अध्यक्ष राजीव गुजराती, शहीद कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, वरिष्ठ समाज सेवी अनिल प्रसादी, दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सचिन जैन, राहुल जैन, आदि ने स्वर्गीय महेन्द्र कुमार के निवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि स्व. महेंद्र जैन सरल स्वभाव होने के साथ ही समाज एवं धार्मिक कार्यों में आगे होकर सहयोग करते थे, उनकी कमी नगर में और समाज लंबे समय तक महसूस होती रहेगी।

### अलीपुर में हिंडस की बैठक आयोजित

**आष्टा।** हिंदू उत्सव समिति की एक आवश्यक बैठक अध्यक्ष मनोहर श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसमें आगामी होली के त्योहार को मनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। होली पर्व को मनाने हेतु समिति का गठन किया गया। समिति में पलकमसल जैन, कमलेश जैन, कन्हैयालाल माहलोत, राजकुमार मालवीय, रमेश पम्पर, कमलेश सांवरिया, जुगल बिलौरा, कैलाश बंजारिया, पूरणमल नायक, रवि पांडे, सुनील कुमार हर्षा, शक्तिक मंडावल, आदित्य जोशी, मनोहर लाल वर्मा, कन्हैया दास पुजारी, नरपत सिंह चौहान, सुरेश पंवार, मनोज पांचाल, कमरीश नायक को सम्मिलित किया गया।

### मंडल ने पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

**जावर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रतिदिन पौधारोपण के संकल्प के पांच वर्ष पूरे होने पर स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में पौधारोपण कार्यक्रम किया। भाजपा नेता शम्भूलाल पटेल ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान का संकल्प सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को माता-पिता के जन्मदिवस, बच्चों के जन्मदिन या किसी भी शुभ अवसर पर सार्वजनिक स्थान, मंदिर परिसर या घर पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।

**थाने का घेराव** | जन-जन का यही संदेश, नशा मुक्त हो अपना गांव-के नारों से गूंजा परिसर, महिलाओं ने जमकर किया विरोध प्रदर्शन

# 100 आदिवासी महिलाएं पहुंची गोपालपुर थाना शराबबंदी की मांग को लेकर किया थाने का घेराव

डीआर संवाददाता»सैलाना

आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता रेवतीसिंह दुर्गे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। महिलाओं ने थाना प्रभारी से स्पष्ट मांग की कि ग्राम पिपलानी और फांकड़ी में कच्ची-पक्की शराब की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए।

नशे के खिलाफ आदिवासी महिलाओं का गुस्सा सामने आ सड़कों पर दिखाई दिया। गोपालपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपलानी और फांकड़ी की करीब 100 आदिवासी महिलाएं चार ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर सीधे थाने पहुंचीं और घेराव कर शराबबंदी की मांग को लेकर प्रदर्शन रखा। महिलाओं ने शपथों में तख्तियां लेकर स्पष्ट संदेश दिया– 'ऊपर पल का नशा, सारी उम्र सजाए' और 'जन-जन का यही संदेश, नशा मुक्त हो अपना गांव।'

महिलाओं का आरोप है कि ग्राम पिपलानी और फांकड़ी में खुलेआम कच्ची और देशी शराब की बिक्री हो रही है। इससे गांव का माहौल बिगड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराब के नशे में पुरुष आए दिन घरों में विवाद करते हैं, महिलाओं के साथ मारपीट करते हैं और कभी-कभी जानलेवा हमला तक कर देते हैं। कई मामलों में चूल्हे की जलती लकड़ी, फावड़े और दराती जैसे औजारों से हमला करने की घटनाएं सामने आई हैं। महिलाओं का कहना है कि शराब के कारण कई परिवार उजड़ चुके हैं और कुछ मामलों में महिलाओं की जान भी जा चुकी है। प्रदर्शन में वह भी उल्लेख किया गया कि शराब और रसायनी गुटखों की उपलब्धता से छोटे-छोटे बच्चे भी नशे की लत में कैद रहे हैं। इससे उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है। महिलाओं ने साफ कहा कि गांव की आर्थिक स्थिति भी शराब के कारण प्रभावित हो रही है। मेहनत की कमाई नशे में खर्च हो रही है, जिससे परिवार कर्ज और अभाव की स्थिति में पहुंच रहे हैं। इस दौरान आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता रेवतीसिंह दुर्गे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। महिलाओं ने थाना प्रभारी से स्पष्ट मांग की कि ग्राम पिपलानी और फांकड़ी में कच्ची शराब की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो महिलाएं व्यापक आंदोलन करेंगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन-उपशासन की होगी।

महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि हाल ही में गोपालपुर थाना क्षेत्र के इटावा, इटावाखेड़ी सहित अन्य गांवों की महिलाओं ने शराबबंदी को लेकर ज्ञापन सौंपे थे, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं उठाया गया। पुलिस और प्रशासन की कथित लापरवाही के कारण अंचल सराब का कारोबार बेखौफ जारी है। शनिवार को थाने के बाहर महिलाओं का शक्तिपूर्ण नारे दे यही पुकार करते बतियाए।।

– जन जन का यह नारा है तथा मुक्त हो अपना गांव ।।

प्रदर्शन प्रशासन के लिए चेतावनी की तरह देखा जा रहा है। ग्रामीण अंचल में बढ़ते नशे के खिलाफ महिलाओं की यह एकजुटता सामाजिक बदलाव का संकेत मानी जा रही है। अब देखना यह होगा कि पुलिस और प्रशासन इस जनआक्रोश को गंभीरता से लेते हुए क्या कार्रवाई करते हैं या फिर प्रदर्शन दर्ज किया गया।

## ओवरलोड गिट्टी से भरा 10 टायर हाईवा जब्त, थाने में खड़ा कराया

डीआर संवाददाता»सैलाना

माइनिंग विभाग ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। गिट्टी से भरे 10 टायर वाले एक हाईवा को जब्त किया। निर्वाचन आचार अभियान के दौरान माइनिंग इंस्पेक्टर ने सायिप्त वाहन को रोका। प्राथमिक जांच में सामने आया कि हाईवा तय क्षमता से ज्यादा गिट्टी ले जा रहा था। मौके पर चालक से ओवरलोडिंग को लेकर पूछताछ की गई। वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

दस्तावेजों की जांच हुई। वाहन ओवरलोड मिला। इसके बाद हाईवा जब्त किया गया। उसे गैलाना थाने में खड़ा कराया गया। विभाग ने नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया। आगे की कार्रवाई की जा रही है। माइनिंग इंस्पेक्टर खुशबू वर्मा ने बताया कि वाहन ओवरलोड मिला है। नियमानुसार कार्रवाई चल रही है। उन्होंने कहा कि विभाग लगातार जांच अभियान चला रहा है। अवैध उत्खनन और ओवरलोड परिवहन पर सख्ती होगी। हाईवा जिलाल मेरेडा थाने में सुरक्षित रखा है। जांच जारी है।

### पीली मिट्टी और नदी की काली बजरी का उत्खनन

पैरसा तहसील में खुलेआम पीली मिट्टी और नदी की काली बजरी की जेसीबी मशीनों से खुदाई की जा रही है। इस अवैध उत्खनन से शासन को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है।

## जहां जीव दया का भाव, वहां सुख, शांति, समृद्धि के साथ होगा आनंद, हर्षतिलक

डीआर संवाददाता»आष्टा

श्री दिगंबर महातीर्थ आष्टा तीर्थ में प्रभु प्रवेश व 18 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आचार्य भगवंत श्री हर्षतिलक सूरीश्वरजी महाराज साहब की निश्रा में नव दिवसीय विशेष सामायिक साधना कार्यक्रम में शामिल होने शामिल को विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर जिला पंचायत पहुंचे। मंदिर में विराजे तीर्थपति भगवान नेमिनाथजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

सत्संग के दौरान आचार्य श्री ने विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को रो मात्र की सेवा व जीवदया के क्षेत्र में जितना ज्यादा से ज्यादा दो सके पुण्य से जो यह मिला है उसका उपयोग करें और जीवदया के क्षेत्र में कार्य को अपनी प्राथमिकता में शामिल करें। आचार्यश्री ने कहा आज देश में और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। जिसे उत्तर गोमाता की रक्षा वाली सरकार, श्रीकृष्ण के उत्थान,विकास और रक्षा करने वाली सरकार के रूप में देखते हैं। देश में आज गोमाता की जो स्थिति है बड़े सुधार और सुविधाओं में विस्तार की तथा दीवी, सीरियल मीडिया के कारण जो भारतीय संस्कृति पर हमला कर रही है उसकी रक्षा के लिए आज आगे आने और उपाय ढूंढने करने की आवश्यकता है। धर्म के चौतन विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने आचार्यश्री का स्वागत की नव सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गोमाता को लेकर बहुत ही गम्भीर है।

## आष्टा में कांग्रेस ने मंत्री विजयवर्गीय का पुतला जलाया

डीआर संवाददाता»आष्टा

आष्टा में शनिवार को अधिवक्ता युवा संगठन और कांग्रेस ने मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर विजयवर्गीय की टिप्पणी के विरोध में किया गया। प्रदर्शनकारियों ने मंत्री को तत्काल पद से हटाने की मांग की।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को पद से हटाने की मांग

कन्वीनर मार्ग जिला तहसील चौराहे पर हुए इस संयुक्त प्रदर्शन में कांग्रेस और आदिवासी युवा संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरपाल सिंह ठाकुर ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान को गैर-जिम्मेदाराना करार। उन्होंने इस टिप्पणी की निंदा करते हुए सरकार से विजयवर्गीय को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की।

### पुतला जलाकर दर्ज कराया विरोध

आदिवासी युवा संगठन के सुनील कटारा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर मंत्री विजयवर्गीय की अशोभनीय टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मंत्री के खिलाफ कार्रवाई और उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने की मांग दोहराई।

कटारा ने बताया कि इसी मांग को लेकर शहर के कन्वीन रोड सहसील चौराहे पर पुतला जलाकर विरोध दर्ज कराया गया।

धरना प्रदर्शन में हरपाल सिंह ठाकुर, सुनील कटारा, जितेंद्र सोलंकी, सैफुद्दीन, पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह, नरेंद्र डोगरे और सकील भाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आज 3 घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बंद

**आष्टा।** 33 केवी इनकमिंग लाइन के परमिट जारी करने के लिए 22 फरवरी को सुबह 10 से लेकर दोपहर 1 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। जिसके अंतर्गत संपूर्ण आष्टा शहर की सप्लाई प्रभावित रहेगी। वार्डर लाइन प्रॉटेक्शन कार्य करने हेतु परमिट लिया गया है।जिसके चलते 3 घंटे पूरे नगर में लाइट बंद रहेगी। सभी घरेलू और गैर-घरेलू उपभोक्ता शासकीय अस्पताल और अन्य अस्पताल, नगर पालिका 33 केवी वाटर प्लांट,कोर्ट परिसर, तहसील परिसर, दोनों थाना परिसर, जनपद ऑफिस, गल्ला मंडी प्रांगण शामिल है। आवश्यकता अनुसार समय परिवर्तन किया जा सकता है।

## आज किया जाएगा राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण

डीआर संवाददाता»सीहोर

राजा भोज उत्सव वंश के एक अत्यंत प्रतापी, न्यायप्रिय और कला-प्रेमी शासक थे, जो केवल मालवा ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत की आस्था और लोक संस्कृति में एक लोक-नायक के रूप में रचे-बसे हैं। यह बात नगर पालिका अध्यक्ष डिंस राठौर ने कही। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि रविवार को मोपाल नाके पर आयोजित राजा भोज की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल रहें।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका और पलास समाज के सहयोग से वार्ड क्रमांक सात के मार्ग श्रीमाली हेमलता विजेन्द्र परमार के द्वारा भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नगर के गोपाल नाका चौराहे पर दोपहर 12 बजे परमार वंश के महान शासक राजा भोज की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम सीहोर नगर पालिका परिषद एवं पलास परमार समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर पिछले 15 दिनों से जनसंपर्क तैयारियां चल रही हैं और समाजजन घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, मंत्री ईश्वर सिंह पटेल, राजस्व मंत्री लखन सिंह वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सेवाड़, विधायक सुदेश राय तथा नगर पालिका अध्यक्ष डिंस राठौर सहित सीहोर व शाजापुर जिले से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और समाजजन शामिल होंगे।

मोपाल नाका चौराहे पर स्थापित की जा रही राजा भोज की प्रतिमा प्रदेश के गौरव और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक मानी जा रही है। आयोजकों का कहना है कि राजा भोज ने अपने शासनकाल में शिक्षा, संस्कृति, जल प्रबंधन और लोककल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए थे। उनकी प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों की प्रेरणा देती रहेगी।

## स्टाफ की भारी कमी के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही

डीआर संवाददाता»सीहोर

पैरसा के सिविल अस्पताल में इन दिनों स्टाफ की भारी कमी के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की कमी से मरीजों को घंटों लंबी कतार में इंतजार करना पड़ रहा है। कई मरीज मजबूरी में निजी अस्पतालों या भोपाल का रुख कर रहे हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त खर्च का बोझ बढ़ रहा है।

अस्पताल में वर्तमान में केवल चार डॉक्टर पदस्थ हैं, जबकि प्रतिदिन सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। सुबह ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर की जिम्मेदारी अक्सर एक ही डॉक्टर को संभालनी पड़ती है। लचुटी पर तैनात डॉक्टर राहुल दांगी के अनुसार स्टाफ की कमी के कारण उन्हें ओपीडी, इमरजेंसी और लाइट ड्यूटी एक साथ करनी पड़ रही है। वे प्रतिदिन करीब 200 मरीजों का इलाज कर रहे हैं, जिससे गंभीर मरीजों को भी लंबा इंतजार करना पड़ता है।

पिछले दो महीनों में अस्पताल में एक भी महिला डॉक्टर नहीं होने से महिला मरीजों को खासा परेशानी हो रही है। गर्भवती महिलाओं और स्त्री रोग से संबंधित मरीजों को निजी अस्पताल या भोपाल जाना पड़ रहा है। अस्पताल में लगभग 30 नर्सों की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में केवल 13.14 सिस्टर ही कार्यरत हैं। ऑपरेशन के दौरान जहां 7.8 नर्सों की जरूरत होती है, वहां मात्र दो नर्स ही व्यवस्था संभाल रही हैं।

अस्पताल स्टाफ का कहना है कि डिलीवरी या एक्सीडेंट जैसे मामलों के अचानक आने पर स्थिति संभालना मुश्किल हो जाता है।

## नगर पालिका के अमले के साथ सीवेज कार्य का निरीक्षण किया

### नगर पालिका की क्षेत्रवासियों से अपील की है कि सड़क निर्माण से पहले कनेक्शन ले

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के अधिकांश हिस्से में नगर पालिका के माध्यम से अमृत योजना अंतर्गत सीवेज का कार्य तेजी से किया गया जा रहा है। पटेल कालोनी, बड़मावोदी, मंडी आदि में सीवेज का कार्य पूर्ण होने की कगार पर है। नगर पालिका अध्यक्ष डिंस राठौर ने नगर पालिका के अमले के साथ सीवेज कार्य का निरीक्षण किया।

इस दौरान नगर पालिका सीएमओ ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि सड़क निर्माण से पहले कनेक्शन ले, पाइप लाइन बिछाई जाने के बाद नल कनेक्शन नहीं मिलेगा, दो सालों तक का इंतजार करना पड़ सकता है। नगर पालिका द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, जिसके अनुसार सीवेज लाइन का कार्य पूर्ण होने के बाद ही सड़कों का निर्माण-कायाकल्प किया जाएगा। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि पहले से बनी सड़कों को बार-बार खुदाई करने से बचाया जा सके और नागरिकों को असुविधा न हो। नगर पालिका अध्यक्ष डिंस राठौर ने स्पष्ट किया है कि सड़क निर्माण के पूर्व ही पहचानी अपने घरों में सीवेज कनेक्शन और नल कनेक्शन सुनिश्चित कर ले। शहर के वार्ड क्रमांक 1, 2 और 3 के अलावा कई अन्य क्षेत्रों में 28 किलोमीटर से अधिक की सीवेज लाइन बिछाने का काम चल रहा है। नगराध्यक्ष श्री राठौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जहां खुदाई पूरी हो चुकी है, वहां तुरंत मिट्टी हटाकर सड़क का समतलीकरण किया जाए। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत सीवेज और पाइपलाइन का काम पूरा होने पर ही पक्की सड़कों का निर्माण किया जाएगा ताकि शहर को खस्ताहाल सड़कों से मुक्ति मिल सके। यदि ठेकेदार कार्य अधूरा छोड़ता है या गुणवत्ता में कमी आती है, तो उसे सख्ती की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। सड़कों की स्थिति सुधारने और कायाकल्प के लिए सरकार द्वारा करोड़ों का बजट स्वीकृत किया गया है।

## नीम के पेड़ से फंदा लगाकर 62 साल के बुजुर्ग ने जान दी

डीआर संवाददाता»जावर

थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुरा में 62 वर्षीय बुजुर्ग ने घर के पीछे नीम के पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर फांसी लगा ली। परिजन ने सुबह देखा। पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया। मर्ग कायम किया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

पुलिस के अनुसार रामलाल पिता बलदेव सिंह, उम्र 62 साल, शुक्रवार शाम शादी समारोह में गए थे। देर रात लौटे। कमरे में सो गए। रात में घर के पीछे नीम के पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह घर के लोग उठे। कामकाज में लगे थे। मुहल्ले की पत्नी घर के पीछे गई। रामलाल फंदे पर झूलते मिले। इसके बाद परिजन और आसपास के लोगों को बुलाया।

पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव नीचे उतरवाया। पंचनामा किया। मृतक के परिजन संतोष कुमार ने बताया कि रामलाल पिता बलदेव सिंह, उनके किसी से कोई विवाद नहीं था। आत्महत्या के कारण किसी को पता नहीं है। पुलिस ने आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-05,2082 विदिशा, दिन ,रविवार ,दिनांक 22 फरवरी 2026


## न्यूज गैलरी

### 20 से चना, मसूर के पंजीयन प्रारंभ

**विदिशा।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 20 फरवरी से शुरू होकर 16 मार्च तक किया जाएगा। यह पंजीयन निशुल्क रहेगा और पूर्व वर्षों की तरह सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं के माध्यम से संचालित 113 केंद्रों पर किया जाएगा। किसान केवल निर्धारित सहकारी पंजीयन केंद्रों पर ही निशुल्क पंजीयन करा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र, किसान, सहकार बैंक तथा निजी संचालित केंद्रों के माध्यम से 50 रुपए शुल्क देकर भी पंजीयन कराया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए कंट्रोल रूम नंबर 07592-233153 पर संपर्क किया जा सकता है।

### नया प्रोजेक्ट में प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय व कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की संयुक्त पहल के अंतर्गत नया प्रोजेक्ट में विदिशा जिले के दो प्रशिक्षण केंद्र का चयन हुआ है, जिसमें शासकीय आईटीआई गंजबासौदा एवं शासकीय आईटीआई लटेरी में डिजिटल मित्र व सेल्फ एंप्लॉई टेलर का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 फरवरी निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 27 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण हेतु बालिकाओं की आयु 16 से 18 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के लिए मो. नं. 91 78873 13318 (सीडीपीओ लटेरी), 91 94252 45237 (सीडीपीओ गंज बासौदा) पर संपर्क किया जा सकता है।

### पुलिस ने 17 वर्षीय बालिका बरामद किया

**विदिशा।** 13 जनवरी को 17 वर्षीय नाबालिग बालिका की गुमशुदगी पर कोतवाली में मामला दर्ज किया गया। एसपी सेहति बाजपायी के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत बौधे व नगर पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। थाना प्रभारी आनंद राज के नेतृत्व में टीम ने सघन प्रयास कर 21 फरवरी को बालिका को विदिशा से बरामद कर परिजनों को सौंपा। अभियान में अब तक 366 से अधिक गुमशुदा बच्चे मिलाए जा चुके हैं।

### वैक्सीन किट वितरण

**विदिशा।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय जिला चिकित्सालय में आज जन्मी 10 नवजात बालिकाओं को अंतर्गत बेबी किट वितरित की

510 मतदाताओं के नाम मृत्यु के कारण हटाए, जिनमें 342 पुरुष व 168 महिलाएं शामिल

# पुनरीक्षण के बाद जिले में 4 हजार 338 नाम हटाए गए, 16 हजार 888 नए मतदाता जुड़े

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के तहत जिले में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है।

अभियान के दौरान जहां 16 हजार 888 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए, वहीं 4 हजार 338 मतदाताओं के नाम विभिन्न कारणों से सूची से हटाए गए। इस प्रकार जिले में कुल 12,550 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई है। निर्वाचन सर्वालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार नाम

विधानसभा क्षेत्रवार नए नामों की बात करें तो सिरोंज में सर्वाधिक 5 हजार 248 नाम जुड़े। बासौदा में 4 हजार 539, विदिशा में 3 हजार 021, कुरवाई में 2 हजार 331 तथा शमशाबाद में 1,749 नए मतदाता सूची में शामिल किए गए। शुद्ध वृद्धि के आंकड़ों के अनुसार सिरोंज ने 4 हजार 248, बासौदा में 3 हजार 643, विदिशा में 1 हजार 820, कुरवाई में 1 हजार 751 तथा शमशाबाद में 985 मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई। निर्वाचन कार्यालय ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य

विलोपन के प्रमुख कारणों में स्थायी रूप से अन्य स्थान पर स्थानांतरण, मृत्यु, लंबे समय से अनुपस्थिति तथा दोहरी प्रविष्टि शामिल हैं। जिले में 510 मतदाताओं के नाम मृत्यु के कारण हटाए गए, जिनमें 342 पुरुष एवं

स्थायी सूची को अधिक सटीक, करदायी और अद्यतन बनाना है, ताकि सभी पात्र नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें।

168 महिलाएं शामिल हैं। 347 मतदाताओं के नाम लंबे समय से अनुपस्थित पाए जाने पर विलोपित किए गए, जबकि 64 मतदाताओं के नाम अन्य स्थान पर पूर्व से पंजीकृत होने के कारण हटाए गए। सबसे बड़ा कारण अभियान के दौरान मृत, स्थानांतरित और अज्ञात मतदाताओं के नाम हटाने के साथ-साथ नए पात्र नागरिकों को सूची में शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

स्थायी स्थानांतरण रहा। इसके अंतर्गत 1 हजार 852 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए, जिनमें 643 पुरुष, 1 हजार 208 महिलाएं और 1 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अन्य कारणों से 1 हजार 684 नाम विलोपित किए

### 16 हजार 888 नए मतदाता का पंजीयन

विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान फॉर्म-6 के माध्यम से 16 हजार 124 नए मतदाताओं का पंजीयन किया गया, जिनमें 7 हजार 824 पुरुष और 8 हजार 300 महिलाएं शामिल हैं। वहीं फॉर्म-8 (शिफ्टिंग) के तहत 784 मतदाताओं के नाम स्थानांतरण के आधार पर जोड़े गए, जिनमें 264 पुरुष और 480 महिलाएं शामिल हैं। नए जुड़े कुल मतदाताओं में 8 हजार 108 पुरुष और 8 हजार 780 महिलाएं हैं, जो महिला मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है।

नए विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार विदिशा विधानसभा में 1 हजार 101, सिरोंज में 1 हजार 2, बासौदा में 891, शमशाबाद में 784 तथा कुरवाई में 580 मतदाताओं के नाम हटाए गए।

सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में हुई सबसे अधिक बढ़ोतरी

## मुरवास में पलटा ट्राला पाइपों से घिसटकर पोल से टकराया बच्चा, मौत

डीआर संवाददाता ✉ मुरवास

क्षेत्र में शनिवार सुबह 8:30 बजे नेशनल हाईवे-752 बी पर हुए एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। ट्रैवी पाइप से भरा एक तेज रफ्तार ट्राला अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिस मोटी साकल से ये पाइप बंधे थे, उसकी फॉर्मेट में अचानक आ गया। वह घिसटता चला गया।

यह सीधे लाइट के पोल से जा टकराया। इससे उसकी मौत हो गई। वहीं ट्राले से गिरे पाइप से सात साल की साध्या घायल हो गई। ट्राले से गिरा पाइप नाले के किनारे अटक गया। इससे पाइप का पूरा वजन सामना पर नहीं पड़ पाया। उसे चोटें लगीं, पर जान बच गई।

पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। हादसे में मुरवास निवासी आयान खान (13 वर्ष), पिता कादीर खान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं साध्या (7 वर्ष), पिता इमान खान गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उरकाल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस स्टाफ और तहसीलदार जगन प्रसाद रौर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की।

तेज गति होने से संतुलन खो बैठा चालक: ट्रक क्रमांक जीएच-बीडब्ल्यू-6661 भारी मात्रा में लोहे के पाइप लेकर लटेरी से सिरोंज की तरफ जा रहा था।

## नशे में युवक ने नपा की रोबोटिक जेसीबी मशीन में तोड़फोड़ की, ऑपरेटर से भी मारपीट की

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

नगरपालिका की कचरा प्रबंधन व्यवस्था में इस्तेमाल हो रही रोबोटिक जेसीबी मशीन पर शेरपुरा क्षेत्र में एक युवक ने हमला कर दिया। मशीन के ड्राइवर-ऑपरेटर के साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद नपा अधिकारियों ने सिविल लाइन थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

नपा मेंहाइवर-ऑपरेटर के पद पर कार्यरत रामकिशोर रघुवंशी शेरपुरा क्षेत्र में सफाई कार्य पूरा कर लौट रहे थे।

गर्ल्स हॉस्टल के पास एक युवक ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि युवक नशे की हालत में था और उसने बिना किसी कारण गाली-गलौज शुरू कर दी। रामकिशोर रघुवंशी ने बताया कि जब वे युवक को समझाने के लिए वाहन से नीचे उतरे तो उसने उनके साथ मारपीट की।

रामकिशोर खुद को बचाने के लिए मशीन में बैठ गए, लेकिन आरोपी ने पत्थर से हमला कर रोबोटिक जेसीबी में तोड़फोड़ कर दी।

इस हमले में रामकिशोर को भी चोटें आई हैं। मशीन में करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही नगरपालिका के अन्य कर्मचारी और अधिकारी सिविल लाइन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

## विदिशा से हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ता जाएंगे भोपाल

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

इंडिया-यूएस ट्रेड डील से किसानों को लगातार नुकसान के चलते कांग्रेस द्वारा प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी की गई। प्रेसवार्ता में 24 फरवरी को भोपाल में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत की जानकारी दी गई, जिसमें नेता प्रतिपक्ष उमेश गोयल एवं कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आगमन की पुष्टि की गई। जिला प्रभारी एवं पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र रघुवंशी, पूर्व अध्यक्ष कमल सिलावरी, प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष रवि साहू और मीडिया प्रेस वार्ता प्रभारी सुशील शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अन्नदाताओं के साथ मजबूती से खड़ी है और ट्रेड डील किसानों के हितों के खिलाफ है। नेताओं ने

आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी दबाव में यह समझौता किया, जिससे देश के किसानों को नुकसान होगा। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष कमल सिलावरी ने कहा कि सरकार

जवाबदारी नहीं ले रही है। मंत्री अमेरिका डील पर अलग अलग बातें कर रहे हैं और भी डील की बातों को स्पष्ट नहीं कर पा रहा है। संसद और विधानसभा में बहस नहीं हो पा रही है। विपक्ष अपनी आवाज उठा रहा है और पूर्ण रूप से अपनी भूमिका निभा रहा है। कांग्रेस के समय जवाबदारी लेकर मंत्री और नेताओं द्वारा इस्तीफे दिए जाते थे। पर अब सब जवाबदारी लेने से बच रहे हैं सरकार अहंकार के मद में चूर है।

## सतपाड़ा कला हाईस्कूल में 5वीं का हिंदी पेपर लीक वीडियो वायरल से हड़कंप

### प्रभारी बोलेरो शिक्षक बच्चों को केंद्र पर छोड़ने आए थे।

डीआर संवाददाता ✉ बासौदा ग्यारसपुर

गंजबासौदा विकासखंड के जनमाध्य शिक्षा केंद्र अंतर्गत सतपाड़ा कला हाईस्कूल परीक्षा केंद्र पर कक्षा पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

शुक्रवार को कक्षा पांचवीं के हिंदी विषय का प्रश्नपत्र लीक होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने पूरे क्षेत्र में हलचल मचा दिया है और शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### मोबाइल से उत्तर खोजते नजर आ रहे शिक्षक

वायरल वीडियो में दो शिक्षक मोबाइल पर प्रश्नपत्र देखते और इंटरनेट से उत्तर खोजते नजर आ

### केंद्र प्रभारी का इनकार

परीक्षा केंद्र प्रभारी ने नकल या किसी भी अनियमितता से साफ इनकार किया है। उनका कहना है कि अन्य विद्यालयों के शिक्षक केंद्रों बच्चों को छोड़ने और लौटा लेने उपलब्ध कराने आए थे। केंद्र पर नकल जैसी कोई गतिविधि नहीं हुई। अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने नकल की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल प्रतिबंध सीसीटीवी निगरानी और सख्त व्यवस्था लागू करने की आवश्यकता जताई है। जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटव ने मामले को डीपीसी के कार्यक्षेत्र का बताया, जबकि डीपीसी से संपर्क नहीं हो सका।

रहे हैं। सूत्रों के अनुसार प्राथमिक शाला सतपाड़ा कला में पदस्थ शिक्षक शैलेंद्र दुबे पर आरोप है कि उन्होंने परीक्षा शुरू होते ही मोबाइल से प्रश्न हल किए और लगभग सभी पंक्तियों के माध्यम से विद्यार्थियों तक उत्तर पहुंचाए।

## गाय को बचाने के चक्कर में ट्राला पलटा 13 वर्षीय बालक

डीआर संवाददाता ✉ लटेरी

लटेरी के मुरवास क्षेत्र में सुबह करीब 8:30 बजे एक सड़क हादसे में 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। इस घटना ने उसकी बहन घायल हो गई। गुजरात से बीना की ओर जा रहा पाइप से भरा एक ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे रिवे पाइप की फॉर्मेट में आने से बालक की जान चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक में बड़ी मात्रा में पाइप लदे हुए थे। बताया जा रहा है कि अचानक संतुलन बिगड़ने से वाहन पलट गया नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक पलट

गया। हादसा इतना भयानक था कि आसपास के लोग सहम गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सुरवाया थाना प्रभारी लखन डावर ने बताया कि यह हादसा मुरवास के पास हुआ। ट्राला तब वहां पहुंचा, तभी अचानक सड़क पर एक गाय आ गई। ड्राइवर ने गाय को बचाने के लिए वाहन को मोड़ा, जिससे ट्राला असंतुलित हो गया। ट्रॉली में बंधे लोहे के पाइप झटके से पड़े टूटने के कारण सड़क पर गिर गए और ट्राला एक ओर पलट गया। घटना के समय 13 वर्षीय आयान पिता कादिर खान अपनी बहन साहिबा के साथ पैदल जा रहा था। गिरे हुए पाइप की फॉर्मेट में आने से आयान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत लटेरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी बहन साहिबा को भी चोटें आई, जिसका उपचार कराया गया है। पुलिस ने ट्राला चालक को गिरफ्तार कर लिया है और वाहन को जब्त कर लिया है।

## मैराथन

10 किमी पुरुष वर्ग में जीतू गुर्जर और महिला वर्ग में यशी विजेता रहीं

## 21 किमी मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में सतीश और महिला वर्ग में मुस्कान प्रथम

### कलेक्टर, एसपी सहित जनप्रतिनिधि भी हुए मैराथन दौड़ में शामिल।

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

जिला पुलिस, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित बेतवा मैराथन-2026 का उत्साहपूर्वक समापन हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ फिटनेस का संदेश देना था। मध्यप्रदेश टूरिज्म के सहयोग से हुई इस मैराथन में शहर के अलावा अन्य राज्यों से आए प्रतिभागियों ने भी दौड़ लगाई।

मैराथन को तीन मुख्य श्रेणियों में बांटा गया। 21 किमी हाफ मैराथन, 10 किमी ओपन रन और 5 किमी रन फॉर फन, इन तीनों श्रेणियों में पुरुष और महिला वर्ग के लिए अलग-अलग नकद पुरस्कार रखे गए थे। दौड़ की शुरुआत रवीन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन ऑडिटोरियम से हुई। 5 किमी के चालक स्वामी विवेकानंद चौराहे तक, 10 किमी के चालक धरनगिरि तक और 21 किमी के चालक उदयगिरि तक पहुंचे और फिर वापसी कर समापन स्थल पर लौटे।

रास्ते भर नागरिकों ने खिलाड़ियों से भरपूर का उत्साह बढ़ाया। इस मैराथन में विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित कलसारी और जिला पंचायत सीईओ राहिल कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। विजेताओं में 21 किमी पुरुष वर्ग में सतीश वर्मा प्रथम और सतीश कुमार द्वितीय रहे, जबकि महिला वर्ग में मुस्कान कुशवाह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10 किमी पुरुष वर्ग में जीतू गुर्जर और महिला वर्ग में यशी विजेता रहीं। 5 किमी महिला वर्ग में प्रीति यादव ने पहला स्थान हासिल किया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि एक आयोजन खेल, स्वास्थ्य और पर्यटन को एक मंच पर लाने एक सफल प्रयास है। का उन्होंने बताया कि इसमें व्यवसायी, डॉक्टर, इंजीनियर, जनप्रतिनिधि, युवा और वरिष्ठ नागरिकों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कलेक्टर ने यह भी उल्लेख किया कि अन्य राज्यों से आए प्रतिभागियों की उपस्थिति से जिले के पर्यटन को एक नई पहचान मिलेगी।

### रखी इनाम की राशि विजेताओं के लिए बढ़

21 किमी दौड़ के विजेता को 21 और तृतीय को 5 हजार दिए हजार, द्वितीय को 10 हजार रुपए। 10 किमी के लिए प्रथम को 10 हजार, द्वितीय को 5 हजार और तृतीय को 3 हजार का इनाम रखा। वहीं 5 किमी दौड़ में प्रथम को 5 हजार, द्वितीय को 3 हजार और तृतीय को 2 हजार दिए गए। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए 5 किमी की एक विशेष दौड़ भी आयोजित की गई थी।

## कचरा प्रबंधन की रोबोटिक जेसीबी में तोड़फोड़, चालक

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

नगर पालिका की कचरा प्रबंधन व्यवस्था में लगी रोबोटिक जेसीबी मशीन पर शुक्रवार को शेरपुरा क्षेत्र में हमला हुआ। मशीन चला रहे ड्राइवर से एक युवक ने गाली-गलौज की। मारपीट की। मशीन पर पत्थर मारकर तोड़फोड़ की। घटना के बाद नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे। सिविल लाइन थाना प्रभारी भी पहुंचे। नगर पालिका में 2010 से ड्राइवर-ऑपरेटर रामकिशोर रघुवंशी शेरपुरा में सफाई कार्य पूरा कर लौट रहे थे। रामकिशन गर्ल्स हॉस्टल के पास सुरेंद्र कुशवाहा ने

उन्हें रोक लिया। आरोप है युवक नशे में था। बिना वजह गाली-गलौज करने लगा। रामकिशोर ने बताया कि समझाने के लिए वे वाहन से नीचे उतरे। युवक ने मारपीट कर दी। वे बचने के लिए मशीन में बैठ गए। आरोपी ने पत्थर से हमला किया। रोबोटिक जेसीबी में तोड़फोड़ कर दी। रामकिशोर को चोटें आईं।

### एसआईटी गठन कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग

**विदिशा।** बुजुर्ग महिला से हुई करीब 5 लाख रुपए की ठगी के मामले में सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज और शहर के नागरिकों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। शनिवार को समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा और त्वरित कार्रवाई की मांग की। यह घटना खरीफाटक रोड स्थित जैन मंदिर से दर्शन कर लौट रहीं विमला बाई जैन के साथ हुई थी। कुछ दिन पहले अज्ञात बदमाशों ने उन्हें बातों में उलझाकर उनके जेवरात ठग लिए थे। इस संबंध में कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया था। ज्ञापन में बताया गया कि घटना के कई

# डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-05,2082 विदिशा, दिन ,रविवार ,दिनांक 22 फरवरी 2026


## न्यूज गैलरी

### 20 से चना, मसूर के पंजीयन प्रारंभ

**विदिशा।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 20 फरवरी से शुरू होकर 16 मार्च तक किया जाएगा। यह पंजीयन निशुल्क रहेगा और पूर्व वर्षों की तरह सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं के माध्यम से संचालित 113 केंद्रों पर किया जाएगा। किसान केवल निर्धारित सहकारी पंजीयन केंद्रों पर ही निशुल्क पंजीयन करा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र, किसान, सहकार बैंक तथा निजी संचालित केंद्रों के माध्यम से 50 रुपए शुल्क देकर भी पंजीयन कराया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए कंट्रोल रूम नंबर 07592-233153 पर संपर्क किया जा सकता है।

### नया प्रोजेक्ट में प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय व कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की संयुक्त पहल के अंतर्गत नया प्रोजेक्ट में विदिशा जिले के दो प्रशिक्षण केंद्र का चयन हुआ है, जिसमें शासकीय आईटीआई गंजबासौदा एवं शासकीय आईटीआई लटेरी में डिजिटल मित्र व सेल्फ एंप्लॉई टेलर का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 फरवरी निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 27 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण हेतु बालिकाओं की आयु 16 से 18 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के लिए मो. नं. 91 78873 13318 (सीडीपीओ लटेरी), 91 94252 45237 (सीडीपीओ गंज बासौदा) पर संपर्क किया जा सकता है।

### पुलिस ने 17 वर्षीय बालिका बरामद किया

**विदिशा।** 13 जनवरी को 17 वर्षीय नाबालिग बालिका की गुमशुदगी पर कोतवाली में मामला दर्ज किया गया। एसपी सेहति बाजपायी के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत बौधे व नगर पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। थाना प्रभारी आनंद राज के नेतृत्व में टीम ने सघन प्रयास कर 21 फरवरी को बालिका को विदिशा से बरामद कर परिजनों को सौंपा। अभियान में अब तक 366 से अधिक गुमशुदा बच्चे मिलाए जा चुके हैं।

### वैक्सीन किट वितरण

**विदिशा।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय जिला चिकित्सालय में आज जन्मी 10 नवजात बालिकाओं को अंतर्गत बेबी किट वितरित की

510 मतदाताओं के नाम मृत्यु के कारण हटाए, जिनमें 342 पुरुष व 168 महिलाएं शामिल

# पुनरीक्षण के बाद जिले में 4 हजार 338 नाम हटाए गए, 16 हजार 888 नए मतदाता जुड़े

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के तहत जिले में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है।

अभियान के दौरान जहां 16 हजार 888 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए, वहीं 4 हजार 338 मतदाताओं के नाम विभिन्न कारणों से सूची से हटाए गए। इस प्रकार जिले में कुल 12,550 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई है। निर्वाचन सर्वालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार नाम

विधानसभा क्षेत्रवार नए नामों की बात करें तो सिरोंज में सर्वाधिक 5 हजार 248 नाम जुड़े। बासौदा में 4 हजार 539, विदिशा में 3 हजार 021, कुरवाई में 2 हजार 331 तथा शमशाबाद में 1,749 नए मतदाता सूची में शामिल किए गए। शुद्ध वृद्धि के आंकड़ों के अनुसार सिरोंज ने 4 हजार 248, बासौदा में 3 हजार 643, विदिशा में 1 हजार 820, कुरवाई में 1 हजार 751 तथा शमशाबाद में 985 मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई। निर्वाचन कार्यालय ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य

विलोपन के प्रमुख कारणों में स्थायी रूप से अन्य स्थान पर स्थानांतरण, मृत्यु, लंबे समय से अनुपस्थिति तथा दोहरी प्रविष्टि शामिल हैं। जिले में 510 मतदाताओं के नाम मृत्यु के कारण हटाए गए, जिनमें 342 पुरुष एवं

स्थायी सूची को अधिक सटीक, करदायी और अद्यतन बनाना है, ताकि सभी पात्र नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें।

168 महिलाएं शामिल हैं। 347 मतदाताओं के नाम लंबे समय से अनुपस्थित पाए जाने पर विलोपित किए गए, जबकि 64 मतदाताओं के नाम अन्य स्थान पर पूर्व से पंजीकृत होने के कारण हटाए गए। सबसे बड़ा कारण अभियान के दौरान मृत, स्थानांतरित और अज्ञात मतदाताओं के नाम हटाने के साथ-साथ नए पात्र नागरिकों को सूची में शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

स्थायी स्थानांतरण रहा। इसके अंतर्गत 1 हजार 852 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए, जिनमें 643 पुरुष, 1 हजार 208 महिलाएं और 1 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अन्य कारणों से 1 हजार 684 नाम विलोपित किए

### 16 हजार 888 नए मतदाता का पंजीयन

विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान फॉर्म-6 के माध्यम से 16 हजार 124 नए मतदाताओं का पंजीयन किया गया, जिनमें 7 हजार 824 पुरुष और 8 हजार 300 महिलाएं शामिल हैं। वहीं फॉर्म-8 (शिफ्टिंग) के तहत 784 मतदाताओं के नाम स्थानांतरण के आधार पर जोड़े गए, जिनमें 264 पुरुष और 480 महिलाएं शामिल हैं। नए जुड़े कुल मतदाताओं में 8 हजार 108 पुरुष और 8 हजार 780 महिलाएं हैं, जो महिला मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है।

नए विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार विदिशा विधानसभा में 1 हजार 101, सिरोंज में 1 हजार 2, बासौदा में 891, शमशाबाद में 784 तथा कुरवाई में 580 मतदाताओं के नाम हटाए गए।

सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में हुई सबसे अधिक बढ़ोतरी

## मुरवास में पलटा ट्राला पाइपों से घिसटकर पोल से टकराया बच्चा, मौत

डीआर संवाददाता ✉ मुरवास

क्षेत्र में शनिवार सुबह 8:30 बजे नेशनल हाईवे-752 बी पर हुए एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। ट्रैवी पाइप से भरा एक तेज रफ्तार ट्राला अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिस मोटी साकल से ये पाइप बंधे थे, उसकी फॉर्मेट में अचानक आ गया। वह घिसटता चला गया।

यह सीधे लाइट के पोल से जा टकराया। इससे उसकी मौत हो गई। वहीं ट्राले से गिरे पाइप से सात साल की साध्या घायल हो गई। ट्राले से गिरा पाइप नाले के किनारे अटक गया। इससे पाइप का पूरा वजन सामना पर नहीं पड़ पाया। उसे चोटें लगीं, पर जान बच गई।

पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। हादसे में मुरवास निवासी आयान खान (13 वर्ष), पिता कादीर खान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं साध्या (7 वर्ष), पिता इमान खान गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उरकाल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस स्टाफ और तहसीलदार जगन प्रसाद रौर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की।

तेज गति होने से संतुलन खो बैठा चालक: ट्रक क्रमांक जीएच-बीडब्ल्यू-6661 भारी मात्रा में लोहे के पाइप लेकर लटेरी से सिरोंज की तरफ जा रहा था।

## नशे में युवक ने नपा की रोबोटिक जेसीबी मशीन में तोड़फोड़ की, ऑपरेटर से भी मारपीट की

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

नगरपालिका की कचरा प्रबंधन व्यवस्था में इस्तेमाल हो रही रोबोटिक जेसीबी मशीन पर शेरपुरा क्षेत्र में एक युवक ने हमला कर दिया। मशीन के ड्राइवर-ऑपरेटर के साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद नपा अधिकारियों ने सिविल लाइन थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

नपा मेंहाइवर-ऑपरेटर के पद पर कार्यरत रामकिशोर रघुवंशी शेरपुरा क्षेत्र में सफाई कार्य पूरा कर लौट रहे थे।

गर्ल्स हॉस्टल के पास एक युवक ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि युवक नशे की हालत में था और उसने बिना किसी कारण गाली-गलौज शुरू कर दी। रामकिशोर रघुवंशी ने बताया कि जब वे युवक को समझाने के लिए वाहन से नीचे उतरे तो उसने उनके साथ मारपीट की।

रामकिशोर खुद को बचाने के लिए मशीन में बैठ गए, लेकिन आरोपी ने पत्थर से हमला कर रोबोटिक जेसीबी में तोड़फोड़ कर दी।

इस हमले में रामकिशोर को भी चोटें आई हैं। मशीन में करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही नगरपालिका के अन्य कर्मचारी और अधिकारी सिविल लाइन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

## विदिशा से हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ता जाएंगे भोपाल

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

इंडिया-यूएस ट्रेड डील से किसानों को लगातार नुकसान के चलते कांग्रेस द्वारा प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी की गई। प्रेसवार्ता में 24 फरवरी को भोपाल में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत की जानकारी दी गई, जिसमें नेता प्रतिपक्ष उमेश गोयल एवं कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आगमन की पुष्टि की गई। जिला प्रभारी एवं पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र रघुवंशी, पूर्व अध्यक्ष कमल सिलावरी, प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष रवि साहू और मीडिया प्रेस वार्ता प्रभारी सुशील शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अन्नदाताओं के साथ मजबूती से खड़ी है और ट्रेड डील किसानों के हितों के खिलाफ है। नेताओं ने

आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी दबाव में यह समझौता किया, जिससे देश के किसानों को नुकसान होगा। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष कमल सिलावरी ने कहा कि सरकार

जवाबदारी नहीं ले रही है। मंत्री अमेरिका डील पर अलग अलग बातें कर रहे हैं और भी डील की बातों को स्पष्ट नहीं कर पा रहा है। संसद और विधानसभा में बहस नहीं हो पा रही है। विपक्ष अपनी आवाज उठा रहा है और पूर्ण रूप से अपनी भूमिका निभा रहा है। कांग्रेस के समय जवाबदारी लेकर मंत्री और नेताओं द्वारा इस्तीफे दिए जाते थे। पर अब सब जवाबदारी लेने से बच रहे हैं सरकार अहंकार के मद में चूर है।

## सतपाड़ा कला हाईस्कूल में 5वीं का हिंदी पेपर लीक वीडियो वायरल से हड़कंप

### प्रभारी बोलेरो शिक्षक बच्चों को केंद्र पर छोड़ने आए थे।

डीआर संवाददाता ✉ बासौदा ग्यारसपुर

गंजबासौदा विकासखंड के जनमाध्य शिक्षा केंद्र अंतर्गत सतपाड़ा कला हाईस्कूल परीक्षा केंद्र पर कक्षा पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

शुक्रवार को कक्षा पांचवीं के हिंदी विषय का प्रश्नपत्र लीक होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने पूरे क्षेत्र में हलचल मचा दिया है और शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### मोबाइल से उत्तर खोजते नजर आ रहे शिक्षक

वायरल वीडियो में दो शिक्षक मोबाइल पर प्रश्नपत्र देखते और इंटरनेट से उत्तर खोजते नजर आ

### केंद्र प्रभारी का इनकार

परीक्षा केंद्र प्रभारी ने नकल या किसी भी अनियमितता से साफ इनकार किया है। उनका कहना है कि अन्य विद्यालयों के शिक्षक केंद्रों बच्चों को छोड़ने और लौटा लेने उपलब्ध कराने आए थे। केंद्र पर नकल जैसी कोई गतिविधि नहीं हुई। अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने नकल की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल प्रतिबंध सीसीटीवी निगरानी और सख्त व्यवस्था लागू करने की आवश्यकता जताई है। जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटव ने मामले को डीपीसी के कार्यक्षेत्र का बताया, जबकि डीपीसी से संपर्क नहीं हो सका।

रहे हैं। सूत्रों के अनुसार प्राथमिक शाला सतपाड़ा कला में पदस्थ शिक्षक शैलेंद्र दुबे पर आरोप है कि उन्होंने परीक्षा शुरू होते ही मोबाइल से प्रश्न हल किए और लगभग सभी पंक्तियों के माध्यम से विद्यार्थियों तक उत्तर पहुंचाए।

## गाय को बचाने के चक्कर में ट्राला पलटा 13 वर्षीय बालक

डीआर संवाददाता ✉ लटेरी

लटेरी के मुरवास क्षेत्र में सुबह करीब 8:30 बजे एक सड़क हादसे में 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। इस घटना ने उसकी बहन घायल हो गई। गुजरात से बीना की ओर जा रहा पाइप से भरा एक ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे रिवे पाइप की फॉर्मेट में आने से बालक की जान चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक में बड़ी मात्रा में पाइप लदे हुए थे। बताया जा रहा है कि अचानक संतुलन बिगड़ने से वाहन पलट गया नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक पलट

गया। हादसा इतना भयानक था कि आसपास के लोग सहम गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सुरवाया थाना प्रभारी लखन डावर ने बताया कि यह हादसा मुरवास के पास हुआ। ट्राला तब वहां पहुंचा, तभी अचानक सड़क पर एक गाय आ गई। ड्राइवर ने गाय को बचाने के लिए वाहन को मोड़ा, जिससे ट्राला असंतुलित हो गया। ट्रॉली में बंधे लोहे के पाइप झटके से पड़े टूटने के कारण सड़क पर गिर गए और ट्राला एक ओर पलट गया। घटना के समय 13 वर्षीय आयान पिता कादिर खान अपनी बहन साहिबा के साथ पैदल जा रहा था। गिरे हुए पाइप की फॉर्मेट में आने से आयान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत लटेरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी बहन साहिबा को भी चोटें आई, जिसका उपचार कराया गया है। पुलिस ने ट्राला चालक को गिरफ्तार कर लिया है और वाहन को जब्त कर लिया है।

## मैराथन

10 किमी पुरुष वर्ग में जीतू गुर्जर और महिला वर्ग में यशी विजेता रहीं

## 21 किमी मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में सतीश और महिला वर्ग में मुस्कान प्रथम

### कलेक्टर, एसपी सहित जनप्रतिनिधि भी हुए मैराथन दौड़ में शामिल।

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

जिला पुलिस, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित बेतवा मैराथन-2026 का उत्साहपूर्वक समापन हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ फिटनेस का संदेश देना था। मध्यप्रदेश टूरिज्म के सहयोग से हुई इस मैराथन में शहर के अलावा अन्य राज्यों से आए प्रतिभागियों ने भी दौड़ लगाई।

मैराथन को तीन मुख्य श्रेणियों में बांटा गया। 21 किमी हाफ मैराथन, 10 किमी ओपन रन और 5 किमी रन फॉर फन, इन तीनों श्रेणियों में पुरुष और महिला वर्ग के लिए अलग-अलग नकद पुरस्कार रखे गए थे। दौड़ की शुरुआत रवीन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन ऑडिटोरियम से हुई। 5 किमी के चालक स्वामी विवेकानंद चौराहे तक, 10 किमी के चालक धरनगिरि तक और 21 किमी के चालक उदयगिरि तक पहुंचे और फिर वापसी कर समापन स्थल पर लौटे।

रास्ते भर नागरिकों ने खिलाड़ियों से भरपूर का उत्साह बढ़ाया। इस मैराथन में विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित कलसारी और जिला पंचायत सीईओ राहिल कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। विजेताओं में 21 किमी पुरुष वर्ग में सतीश वर्मा प्रथम और सतीश कुमार द्वितीय रहे, जबकि महिला वर्ग में मुस्कान कुशवाह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10 किमी पुरुष वर्ग में जीतू गुर्जर और महिला वर्ग में यशी विजेता रहीं। 5 किमी महिला वर्ग में प्रीति यादव ने पहला स्थान हासिल किया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि एक आयोजन खेल, स्वास्थ्य और पर्यटन को एक मंच पर लाने एक सफल प्रयास है। का उन्होंने बताया कि इसमें व्यवसायी, डॉक्टर, इंजीनियर, जनप्रतिनिधि, युवा और वरिष्ठ नागरिकों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कलेक्टर ने यह भी उल्लेख किया कि अन्य राज्यों से आए प्रतिभागियों की उपस्थिति से जिले के पर्यटन को एक नई पहचान मिलेगी।

### रखी इनाम की राशि विजेताओं के लिए बढ़

21 किमी दौड़ के विजेता को 21 और तृतीय को 5 हजार दिए हजार, द्वितीय को 10 हजार रुपए। 10 किमी के लिए प्रथम को 10 हजार, द्वितीय को 5 हजार और तृतीय को 3 हजार का इनाम रखा। वहीं 5 किमी दौड़ में प्रथम को 5 हजार, द्वितीय को 3 हजार और तृतीय को 2 हजार दिए गए। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए 5 किमी की एक विशेष दौड़ भी आयोजित की गई थी।

## कचरा प्रबंधन की रोबोटिक जेसीबी में तोड़फोड़, चालक

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

नगर पालिका की कचरा प्रबंधन व्यवस्था में लगी रोबोटिक जेसीबी मशीन पर शुक्रवार को शेरपुरा क्षेत्र में हमला हुआ। मशीन चला रहे ड्राइवर से एक युवक ने गाली-गलौज की। मारपीट की। मशीन पर पत्थर मारकर तोड़फोड़ की। घटना के बाद नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे। सिविल लाइन थाना प्रभारी भी पहुंचे। नगर पालिका में 2010 से ड्राइवर-ऑपरेटर रामकिशोर रघुवंशी शेरपुरा में सफाई कार्य पूरा कर लौट रहे थे। रामकिशन गर्ल्स हॉस्टल के पास सुरेंद्र कुशवाहा ने

उन्हें रोक लिया। आरोप है युवक नशे में था। बिना वजह गाली-गलौज करने लगा। रामकिशोर ने बताया कि समझाने के लिए वे वाहन से नीचे उतरे। युवक ने मारपीट कर दी। वे बचने के लिए मशीन में बैठ गए। आरोपी ने पत्थर से हमला किया। रोबोटिक जेसीबी में तोड़फोड़ कर दी। रामकिशोर को चोटें आईं।

### एसआईटी गठन कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग

**विदिशा।** बुजुर्ग महिला से हुई करीब 5 लाख रुपए की ठगी के मामले में सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज और शहर के नागरिकों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। शनिवार को समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा और त्वरित कार्रवाई की मांग की। यह घटना खरीफाटक रोड स्थित जैन मंदिर से दर्शन कर लौट रहीं विमला बाई जैन के साथ हुई थी। कुछ दिन पहले अज्ञात बदमाशों ने उन्हें बातों में उलझाकर उनके जेवरात ठग लिए थे। इस संबंध में कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया था। ज्ञापन में बताया गया कि घटना के कई